भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †147
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन स्थलों पर अत्यधिक भीड़-भाड़**

**†147. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर अत्यधिक भीड़-भाड़ से उत्पन्न संकट की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं तथा इसके क्या कारण है;

(ग) सरकार द्वारा अवसंरचना में सुधार करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा आबंटित निधियों में शैक्षिक अभियानों के लिए वित्तपोषण और उत्तरदायित्वों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूचना प्रसार की पहल शामिल है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): मंत्रालय विद्यमान योजनाओं और कार्यक्रमों के बजट आवंटन के तहत जिम्मेदार और सतत पर्यटन के महत्व के बारे में जनता और पर्यटन हितधारकों को शिक्षित और संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न पहलें करता है। मंत्रालय ने सतत पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन की अपनी योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में नया रूप दिया है, ताकि राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को पर्यटन अनुभव विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके, जिसमें स्थलों की वहन क्षमता एक मुख्य फोकस क्षेत्र है। पर्यटन मंत्रालय ने पाया है कि पर्यटन के अनियोजित और अव्यवस्थित विकास के कारण कई पर्यटन स्थलों पर स्थानीय पर्यावरण, संस्कृति और नागरिक सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसके कारण कई पर्यटन स्थलों पर अति पर्यटन, भौतिक पर्यावरण का ह्रास और स्थानीय समुदाय का अलगाव की भावना आ रही है। पर्यटन के नकारात्मक प्रभावों को कम करने और इसके सकारात्मक प्रभावों को अधिकतम करने के लिए, स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत सतत और जिम्मेदार पर्यटन महत्वपूर्ण है। यह योजना विभिन्न परियोजनाओं और पहलों में सतत और जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं को लागू करने और पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-

सांस्कृतिक स्थिरता और आर्थिक स्थिरता सहित सतत पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने विकास के लिए 32 राज्यों/ संघ शासित प्रदेशों में 57 स्थलों की पहचान की है और 29 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है, जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

प्रमुख प्राकृतिक और निर्मित पर्यावरण पर पर्यटन के प्रभाव, नाजुक पारिस्थितिकी तंत्रों पर दबाव और मेजबान समुदायों पर काफी दबाव को समझते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने मिशन लाइफ के तहत पर्यटन क्षेत्र के लिए ट्रैवल फॉर लाइफ (टीएफएल) नामक कार्यक्रम की परिकल्पना की है, जिसका उद्देश्य सतत पर्यटन के बारे में जागरूकता पैदा करना और पर्यटकों और पर्यटन व्यवसायों को प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने वाले सतत अभ्यासों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन में स्थिरता को मुख्यधारा में लाना और एक सतत, जिम्मेदार और लचीला पर्यटन क्षेत्र विकसित करना है और वृत्तीय अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करना है।

पर्यटन मंत्रालय ने सतत पर्यटन पर एक राष्ट्रीय रणनीति भी तैयार की है जिसका उद्देश्य भारत में कम कार्बन, समावेशी और लचीले पर्यटन क्षेत्र के निर्माण के लिए आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को बढ़ाना है।

इसके अलावा, 2023 में गोवा में आयोजित जी-20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक के दौरान हरित पर्यटन की प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में पहचान की गई है।

******

**अनुबंध**

एडवोकेट डीन कुरियाकोस द्वारा पर्यटन स्थलों पर अत्यधिक भीड़-भाड़ के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †147 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत विकास हेतु चिह्नित 57 गंतव्यों की सूची**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **चयनित /चिह्नित गंतव्य** |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | गंडिकोटा, अरक्कू-लम्बासिंगी |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | नाचो, मेचुका |
| 3. | असम | जोरहाट, कोकराझार |
| 4. | बिहार | गया, नालंदा |
| 5. | छत्तीसगढ़ | बिलासपुर, जगदलपुर |
| 6. | गोवा | पोरवोरिम, कोलवा |
| 7. | गुजरात | धोलावीरा, द्वारका |
| 8. | हरियाणा | पंचकुला (मोरनी) |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | पौंग बांध |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | बाशोली |
| 11. | झारखंड | चांडिल |
| 12. | कर्नाटक | हम्पी, मैसूर |
| 13. | केरल | कुमारकोम, कोझिकोड (बेपोर) |
| 14. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर, चित्रकूट |
| 15. | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग, अजंता-एलोरा (जिला छत्रपति संभाजीनगर) |
| 16. | मणिपुर | मोइरांग (बिष्णुपुर) |
| 17. | मेघालय | शिलांग, सोहरा |
| 18. | मिजोरम | आइजोल, चम्फाई |
| 19. | नागालैंड | न्यूलैंड, चुमौकेदिमा |
| 20. | ओडिशा | कोरापुट, देबरीगढ़, 'खिंडा गांव' के विशेष आकर्षण के साथ |
| 21. | पंजाब | अमृतसर, कपूरथला |
| 22. | राजस्थान | बूंदी (केशोरायपाटन), जोधपुर |
| 23. | सिक्किम | गंगटोक, ग्यालशिंग |
| 24. | तमिलनाडु | मामल्लपुरम, द नीलगिरी |
| 25. | तेलंगाना | भोंगीर, अनंतगिरी |
| 26. | त्रिपुरा | अगरतला, उनाकोटी |

| | | |
|---|---|---|
| 27. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज, नैमिषारण्य |
| 28. | उत्तराखंड | पिथौरागढ़, चंपावत |
| 29. | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 30. | लक्षद्वीप | लक्षद्वीप |
| 31. | पुडुचेरी | पुडुचेरी, कराईकल |
| 32. | लद्दाख | लेह, कारगिल |
| | **कुल** | **57** |

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत 29 परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **गंतव्य** | **हस्तक्षेप का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 26.30 |
| 2 | कर्नाटक | मैसूर | टांगा सवारी हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 4.12 |
| 3 | तमिलनाडु | मामल्लपुरम | शोर टेंपल में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 |
| 4 | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर फोर्ट एक्सपीरिएंशल जोन | 56.81 |
| 5 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 |
| 6 | राजस्थान | बूंदी | आध्यात्मिक अनुभव, केशवरायपाटन | 17.37 |
| 7 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 |
| 8 | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको टूरिज्म जोन | 38.00 |
| 9 | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको टूरिज्म एक्सपीरियंस | 20.06 |
| 10 | पुडुचेरी संघ राज्यक्षेत्र | कराईकल | कराईकल बीच और वॉटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 |
| 11 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 |
| 12 | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 |
| 13 | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य अनुभव | 13.92 |
| 14 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 |
| 15 | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 |
| 16 | कर्नाटक | मैसूर | इकोलॉजीकल एक्सपीरियंस जोन | 18.36 |
| 17 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 |
| 18 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 |
| 19 | असम | जोरहाट | सिन्नामारा टी एस्टेट रीइमेजनिंग | 23.91 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट घाटों के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभव | 27.21 |
| 21 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक- वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 |
| 24 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 |
| 25 | लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र | लेह | जूली लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 |
| 26 | लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र | कारगिल | एलओसी और हुंडरमन गांव के अनुभव की खोज | 12.01 |
| 27 | मेघालय | सोहरा | वॉटरफाल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 |
| 29 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव | 21.56 |
| | | | **कुल** | **644.00** |

*****